डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद (उ0प्र0)
Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Faizabad (UP)

पत्रांक: लो0अ0वि0/सम्ब0/2018/1287 दिनांक : 17/11/2018

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (अनुदानित, राजकीय एवं स्ववित्तपोषित, मेडिकल एवं डेण्टल)
सम्बद्ध डा0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद।

विषय : अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) का वर्ष 2018–19 कर **DCF-II** का प्रारूप **www.aishe.gov.in** पर अपलोड कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–32348 / 70–3–2015–7(39) / 2013, दिनांक : 30 दिसम्बर, 2015 के अनुपालन (प्रत्येक शैक्षिक सत्र) में शैक्षिक सत्र 2018–19 का **DCF-II** प्रारूप दिनांक : 15/01/2019 तक प्रत्येक दशा में पूरित करके **www.aishe.gov.in** पर अपलोड करते हुए उसकी हार्ड कापी (सी0डी0) विश्वविद्यालय में अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। यह भी सूच्य है कि उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुक्रम में उपरोक्त कार्य में जिन महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित अवधि तक अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) का वर्ष 2018–19 कर **DCF-II** का प्रारूप **www.aishe.gov.in** पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा आपके महाविद्यालय को दी गयी सम्बद्धता में स्पष्ट उल्लेख है कि महाविद्यालय / संस्था शासनादेश संख्या: 2851 / सत्तर–2–2003–16(92) / 2002 दिनांक : 31 जुलाई, 2003 में उल्लिखित सुसंगत दिशा–निर्देशों एवं इस विषय में समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किये जाने वाले मानकों तथा शासन द्वारा निर्गत अन्य सुसंगत शासनादेशों एवं विश्वविद्यालय द्वारा दिये जाने वाले समस्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय

/

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. डॉ० नरेश कुमार चौधरी, डिप्टी नोडल अधिकारी।
2. निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
3. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट एवं महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित

कुलसचिव